पत्रसंख्या–शिक्षा–उ0शि0(21)बी0(15)15/2021–V–
शिक्षा निदेशालय (उच्चतर)
हिमाचल प्रदेश, शिमला–1
Telephone No. 0177-2653120, Extension: 234, Fax No. 2812882
E-mail: dhe-sml-hp@gov.in & E-mail: genbr@rediffmail.com

दिनांक: शिमला–171001 मार्च, 2022

शिक्षा निदेशालय उच्चतर हि0प्र0
28 MAR 2022
शिमला - 1

प्रेषित

समस्त उप–शिक्षा निदेशक (उच्चतर),
हिमाचल प्रदेश।

विषयः– **Pariksha pe Charcha, the interactive program of Hon'ble Prime Minister of India with the students from classes 9 upwards scheduled to be held on 01.04.2022.**

उपरोक्त बिषय पर इस निदेशालय के समसंख्यक पत्र दिनांक: 26/03/2022 के बारे में आपको सूचित किया जाता है कि माननीय प्रधानमन्त्री द्वारा दिंनांक 1 अप्रैल 2022 को परीक्षा पर चर्चा की जाएगी इसलिए विभाग द्वारा 1 अप्रैल 2022 को समस्त राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशालाओं और राजकीय उच्च पाठशालाओं में इस उपरोक्त चर्चा हेतु शत प्रतिशत भागीदारी को सुनिश्चित करने हेतु सभी छात्रों पाठशालाओं में वुलाया जाने तथा पाठाशालाओं में विभिन्न गतिविधियों व कार्यकमो को आयोजित करने का निर्णय लिया है। इस सन्दर्भ में आपको निर्देश दिये जाते है आप अपने अधीनस्थ शैक्षणिक संस्थानों के मुखियाओं को दिशा निर्देश जारी करें कि दिनांक 1 अप्रैल 2022 को परीक्षा पर चर्चा के सफल आयोजन के लिए उचित प्रबन्ध किये जाएं और पाठशालाओं में निम्नलिखित दर्शाई गई गतिविधियों व कार्यकमो का आयोजन किया जाए तथा कृत कार्यावाही से इस निदेशालय को अवगत करवाया जाए :–

1 दिनांक 1 अप्रैल 2022 को प्रत्येक जिला, ब्लॉक व विद्यालय स्तर पर टी0वी0, रेडियों, फेसबुक, स्वयंप्रभा के माध्यम से परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

2 विद्यार्थियों के साथ साथ अध्यापक एवं अभिभावक भी इस कार्यक्रम में जोड़े जाएंगे।

3 ब्रॉडबैन्ड, संचार माध्यमों की उपलब्धता को सुनिश्चित कर तथा स्कीन एवं प्रोजेक्टर पर बच्चों के साथ–साथ अभिभावकों एवं अध्यापकों को उपरोक्त चर्चा में सम्मलित होना सुनिश्चित किया जाएगा।

4 प्रत्येक पाठशाला में प्रोजेक्टर, टीवी सेट, रेडियो सेट, इन्टरनैट या अन्य उपकरणों की आवश्यकता को मध्यनजर रखते हुए इन्हे भाड़े पर लेने के लिए राशी का प्रावधान समग्र शिक्षा से किया जा सकता है।

5 जिन स्कूलों में connectivity की समस्या है वहां पर AIR के माध्यम से इस कार्यक्रम को सुनना सुनिश्चित किया जाएगा। क्योंकि प्रदेश में लगभग 400 ऐसी पाठशालाऐं हैं जहां पर केवल रेडियो का ही सिगनल है वहां पर विशेष रूप में रेडियो सेट की उपलब्धता को सुनिश्चित किया जाए।

6 इस कार्यक्रम में बच्चों की अधिक से अधिक संख्या सुनिश्चित की जाएगी तथा इनकी फोटोज़ व विद्यार्थियो, अभिभावकों और अध्यापकों की संख्या https://www.mygov.in/ppc-2022 पर अपलोड करना सुनिश्चित करें। इस कार्यक्रम से सम्बन्धित चित्र डालने की SOP's इस निदेशालय की विभागीय website (www.education.hp.org) पर उपलब्ध है । यह सूचना प्रत्येक विद्यालय से भेजी जानी है।

7 जिला से प्रत्येक विद्यालय जैसे कि उच्च एवं वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के अध्यापकों, अभिभावकों व विद्यार्थियों की संख्या इक्कठी कर उपनिदेशक (उच्चतर शिक्षा) द्वारा इस निदेशालय को भी e-mail i.e. genbr@rediffmail.com के माध्यम से 2:00 बजे तक भेजना सुनिश्चित करें।

8. जिन विद्यार्थियों की उस दिन परीक्षा है उन्हे इससे छूट रहेगी वह बाद में परीक्षा उपरान्त भाग ले सकते है।

शिक्षा निदेशालय उच्चतर हि०प्र०
28 MAR 2022
शिमला - 1

(अमरजीत कुमार शर्मा)
शिक्षा निदेशक (उच्चतर)
हिमाचल प्रदेश, शिमला–1

पृष्ठाकंन संख्या सम दिनांकः शिमला–171001 मार्च, 2022

प्रतिलिपिः–

1 प्रधान सचिव (शिक्षा), हिमाचल प्रदेश सरकार, शिमला–2 को सूचनार्थ।
2 तकनीकी अधिकारी, शिक्षा निदेशालय उच्चतर को विभागीय वैबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित है।
3 रक्षक नस्ति।

शिक्षा निदेशक (उच्चतर)
हिमाचल प्रदेश, शिमला–1